दैनिक भास्कर चित्तौड़गढ़ जिला 04-08-2026

# कंथारिया पंचायत में सामुदायिक कार्यों का लोकार्पण



चित्तौड़गढ़ | हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने सीएसआर पहल के तहत कंथारिया पंचायत में लगभग 2.10 करोड़ के सामुदायिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में कपासन विधायक अर्जुन जीनगर ने कहा कि जिंक आगे भी ग्रामीण विकास हेतु तत्पर रहेगा। पंचायत और स्थानीय समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित चार प्रमुख परियोजनाएं समुदाय को समर्पित की गईं। इनमें रूपाखेड़ी में 500 मीटर सीसी सड़क, कंथारिया में 1000 मीटर सीसी सड़क, राउमावि कंथारिया में दो नए कक्षों का निर्माण तथा राप्रावि सागवाड़िया को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना शामिल है। साथ ही कंथारिया में 4 हजार वर्ग फुट के सामुदयिक भवन का भूमिपूजन भी किया गया। जीपीएस सागवाड़िया में दो नए कक्षों, एक कार्यालय कक्ष, मध्याह्न भोजन के लिए रसोई, छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय तथा पानी की टंकी का निर्माण किया गया है। समारोह में कालूराम जाट, राकेश लड्ढा, चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के पायरो हेड पुष्पेंद्र मीणा, हेड सिविल कामाख्या सिंह, हेड सिक्योरिटी जी. मल्लेशम तथा हेड सीएसआर सुंदर राज मौजूद रहे।